


# कागज का हवाई जहाज

फुल्वियो



# कागज का हवाई जहाज

फुल्वियो

मैं एक कागज़ का हवाई जहाज बनाता हूँ,
और उसे खिड़की से आकाश में उड़ाता हूँ.

मुझे लगता है जैसे मैं भी उसके साथ उड़ रहा हूँ.




मैं समुद्र के ऊपर उड़ता हूं.
मैं अपने नीचे जहाजों को
पानी पर तैरते हुए देखता हूं.



मैं अचरज करता हूँ कि क्या पक्षियों को
भी उड़ना उतना ही पसंद है जितना
मुझे है.


पक्षी स्वतंत्र होते हैं, और वे जहां चाहें
ऊंची उड़ान भर सकते हैं,
बैठ सकते हैं और गा सकते हैं.




लेकिन कुछ पक्षियों को पिंजरों में रखा जाता है. फिर वे अपने गीतों का आनंद कैसे ले सकते हैं?



शेरों को पिंजरों, सर्कस और
चिड़ियाघरों में भी रखा जाता है.




लेकिन जब शेर अफ्रीका में रहते थे तब तक वे आज़ाद थे. फिर शिकारियों ने उन्हें पकड़ लिया.




मुझे पता है कि अफ्रीका एक विशाल महाद्वीप है, जो सभी प्रकार के जानवरों, पौधों और लोगों का घर है.

लेकिन जब मैं ग्लोब को देखता हूं, तो मुझे पता चलता है कि वो हमारी दुनिया का ही एक हिस्सा है.




हमारी दुनिया बहुत बड़ी है, लेकिन अगर मैं एक अंतरिक्ष जहाज में उड़ूं तो हमारी पृथ्वी अंतरिक्ष में बहते हुए एक गुब्बारे की तरह छोटी और गोल दिखाई देगी.




मैं एक ऐसे ही गुब्बारे में उड़ सकता हूँ.

अपने गुब्बारे में से मैं सफेद रंग के कई
कागज़ नीच गिरा सकता था

वो कागज जमीन पर फड़फड़ाते हुए गिरेंगे.



तुम उनमें से एक कागज़ पकड़कर
उसे अपने घर ले जा सकते हो.





फिर तुम ऊपर वाले कमरे में,
उस कागज़ को बड़े ध्यान से मोड़ो
और उस कागज से एक हवाई जहाज बनाओ.



फिर तुम उसे अपनी खिड़की में से उसे उड़ा सकते हो और महसूस कर सकते हो कि तुम खुद उड़ रहे हो.

यदि तुम दुनिया और उससे आगे की यात्रा करना चाहते हो, तो ज़रूर एक कागज का हवाई जहाज बनाओ!






हवाई जहाज मोड़कर बनाने का तरीका